नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''
# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## जंगल धूसड़, गोरखपुर
7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com
स्थापित २००५ ई.

पत्रांक.............................. . दिनांक : 27.08.2020

## प्रकाशनार्थ

कोविड जैसे महाविनाशक वैश्विक महामारी जिसने सम्पूर्ण दूनिया को रोक दिया है ऐसे में ऑनलाइन छात्रसंघ का चुनाव ऐतिहासिक कदम है। महाविद्यालय प्रशासन ने समय–सारणी के अनुसार समस्त कक्षाओं की पढ़ाई प्रारम्भ कर विद्यार्थी केन्द्रीय अपनी कार्ययोजना का स्पष्ट और अतुलनीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस बदली हुई परिस्थितियों में महाविद्यालय के रचनात्मक अभियान में छात्रसंघ भी एक स्तम्भ बनकर काम करेगा। यह बाते ऑनलाइन छात्रसंघ चुनाव प्रक्रिया के अन्तर्गत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री और पुस्तकालयमंत्री पद पर दावेदारों ने ऑनलाइन योग्यता भाषण में कही।

विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने कहा कि ऑनलाइन अध्ययन–अध्यापन पाठ्यक्रम योजना एवं समय–सारणी के अनुसार व्यवस्थित रूप से करना अत्यन्त सराहनीय है लेकिन संसाधनों के अभाव में कुछ विद्यार्थी ऑनलाइन कक्षा में नही जुड़ पा रहे है। उनके पढ़ाई के विषय में महाविद्यालय प्रशासन को भी चिंता करनी चाहिए। अभी तक विश्वविद्यालय द्वारा अगली कक्षा में प्रोन्नत के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय नही किया गया है। इसके बावजूद भी बिना प्रवेश लिए अगली कक्षा की पढ़ाई कराना महाविद्यालय का पूण्य कृत्य है। महाविद्यालय प्रशासन से मांग करते हुए प्रत्याशियों ने कहा कि पुस्तकालय की सुविधा प्रदान किया जाय उसके विषय में महामारी के प्रकोप से बचाव करते हुए निर्णय लिया जाय। यद्यपि की महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों द्वारा अपने–अपने ब्लाग पर अपने विषय की पाठ्यक्रम का ई–कान्टेंट अपलोड किये जाने से इस कठिनाई का एक सीमा तक हल आवश्य किया गया है। सभी कक्षाओं में प्रवेश करने की ऑनलाइन व्यवस्था करना भी विद्यार्थी हित का एक और उदाहरण है। इस योग्यता भाषण का महाविद्यालय के फेसबुक तथा यू–ट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थी अपने पसन्द के प्रत्याशी का चुनाव कर सके। योग्यता भाषण की पूर्व सूचना विभिन्न माध्यमों से कर दी गई थी।

योग्यता भाषण में **अध्यक्ष** पद के लिए श्री सत्य प्रकाश तिवारी, श्री रामसकल प्रसाद, श्री अरूण शर्मा, **उपाध्यक्ष** पद के लिए श्री राकेश कुमार, सुश्री शशिकला गौड, **महामंत्री** पद के लिए श्री अभय राज वर्मा, श्री सुमित सिंह, श्री अनुराग सिंह, **पुस्तकालयमंत्री** पद के लिए श्री राकेश गुप्ता, श्री सन्देश सिंह ने अपने–अपने पक्ष में मतदान करने के लिए ऑनलाइन सुन रहे विद्यार्थियों से आग्रह किया।

7897475917, 9794299451
Website: www.mpm.edu.in
E-mail : mpmpg5@gmail.com

इससे पूर्व निर्धारित समय के अन्तर्गत ऑनलाइन नामांकन किये प्रत्याशियों की पर्चो की जांच चुनाव पर्यवेक्षण समिति द्वारा की गई, सभी पर्चे वैध पाये गये। तत्पश्चात ऑनलाइन योग्यता भाषण के माध्यम से प्रत्याशियों ने मतदाताओं से अपनी बात कही। योग्यता भाषण ही छात्रसंघ चुनाव में प्रत्याशियों द्वारा प्रचार का एकमात्र माध्यम है।

चुनाव अधिकारी डॉ. विजय कुमार चौधरी ने बताया कि ऑनलाइन मतदात की सम्पूर्ण व्यवस्था और तैयारी कर ली गई है। 'इलेक्शन रनर' वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन मतदान की सुविधा पंजीकृत मतदाताओं को उपलब्ध करायी जायेगी। 28 अगस्त प्रातः 08:00 बजे से सभी पंजीकृत मतदाताओं के ई–मेल पर मतदान के लिए एक लिंक महाविद्यालय के ई–मेल से भेजा जायेगा। विद्यार्थी उसी लिंक को खोलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री पुस्तकालयमंत्री पद हेतु अपने पसंद के प्रत्याशियों को चुन सकेंगे। 11:00 बजे तक मतदान का समय निर्धारित है। इसके पश्चात मतदान नहीं किया जा सकेगा। किसी प्रमाणिक कारण से यदि कोई पंजीकृत मतदाता निर्धारित समय में मतदान नहीं कर पाया तो उसे महाविद्यालय में आकर दोपहर 02:00 बजे तक मतदान का अवसर दिया जायेगा। उसी दिन मतगणना के उपरान्त चुनाव का परिणाम भी घोषित कर दिया जायेगा। विजयी पदाधिकारियों को ऑनलाइन प्रमाण पत्र उसी दिन निर्गत कर दिया जायेगा।

**(डॉ. विजय कुमार चौधरी)**
मुख्य चुनाव अधिकारी